RACE IAS

A Leading Institute For Civil Services Examinations

ANSWERS & EXPLANATIONS

CSAT 2026

TEST 23 : CSAT FULL LENGTH

EXAM DATE : 14-11-2026

QUESTIONS BOOKLET NO. : 6145602623

1. उत्तर- (a)
व्याख्या किसी व्यक्ति/समूह के अन्तरवैयक्तिक व्यवहार अधिकांशतः आंतरिक आवश्यकताओं द्वारा अभिप्रेरित होते हैं, जिसके तहत सभी लोग एक दूसरे से भी व्यवहार को आगे बढ़ाते हैं । कथन (A) और कारण (R) दोनों ही सत्य हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है।

2. उत्तर- (a)
व्याख्या- चाक्षुष सम्पर्क (eye contact) एक प्रकार की अवाचिक | सम्प्रेषण प्रक्रिया है । अर्थात् यह सामान्य सम्प्रेषण प्रक्रिया से अलग है । इस प्रकार के सम्प्रेषण को छोड़कर अन्य सभी वाचिक सम्प्रेषण के भाग हैं। इस सम्प्रेषण प्रक्रिया के अंतर्गत आँख और चेहरे के हाव-भाव, शारीरिक भाषा के प्रयोग से सम्बन्धित क्रियायें शामिल होती हैं।

3. उत्तर-(b)
व्याख्या
- सम्प्रेषण एक द्विमुखी प्रक्रिया है। इसमें संदेश देने वाला (sender), संदेश (message), कूटलेखन (Encoding) तथा प्रतिपुष्टि (Feedback) जैसे अनिवार्य तत्व होते हैं । सम्प्रेषण प्रक्रिया के अंतर्गत कूटलेखन के द्वारा संदेश को वाचिक (verbal) और अवाचिक (Non verbal) रूप में तंत्रिकीय आवेगों में बदलकर संदेश को भेजा जाता है ।

4. उत्तर-(b)
व्याख्या सम्प्रेषण की प्रक्रिया की पूर्णता में संदर्भ का महत्वपूर्ण स्थान होता है। संदर्भ से तात्पर्य भौतिक, मनोवैज्ञानिक, सांस्कृतिक तथा ऐतिहासिक वातावरण से है। यदि इनमें से कोई भी तत्व जो
कि किसी न किसी प्रकार संदर्भ से सम्बन्धित है, सम्प्रेषण हेतु नकारात्मक व्यवधान उत्पन्न करता है, तो ऐसी स्थिति में सम्प्रेषण की प्रक्रिया नहीं हो सकती है। अतः संदर्भ से सम्बन्धित तत्व सकारात्मक दृष्टि से उपयुक्त होना आवश्यक है।.

5. उत्तर- (d)
-
व्याख्या पेल्ज प्रभाव उपयुक्त उपरिगामी प्रभाव के साथ संयुक्त वरिष्ठों की समर्थता से सम्बन्धित है। सर्वप्रथम डोनाल्ड पेल्ज द्वारा 1952 में संगठनात्मक संचार के संदर्भ में नेतृत्वकर्ता की योग्यता एवं समर्थता के अधीन कर्मचारियों या अधीनस्थों के साथ प्रभावी सम्बन्ध की आवश्यकता के मार्ग का सिद्धान्त दिया, जो कि स्पष्ट संचार के सन्दर्भ में पेल्ज प्रभाव के रूप में प्रसिद्ध है।

6. उत्तर-(b)
व्याख्या कथन (A) एवं कारण (R) दोनों सत्य है, किन्तु कारण,
कथन की सही व्याख्या नहीं है।

7. उत्तर- (a)
व्याख्या
—
• अच्छे श्रोता हेतु दो आवश्यक कौशल ध्यान देना और प्रतिपुष्टि प्रदान करना है।

8. उत्तर-(c)
व्याख्या एक सक्रिय श्रोता द्वारा श्रवण क्षमता हेतु आवश्यक तकनीकें निम्न प्रकार हैं -
1. वक्ता के कहे गये शब्दों को अन्य शब्दों में व्यक्त करना।
2. अवरोधों को कम करना ।
3. श्रवण हेतु स्वयं को तैयार करना ।
4. मुख्य बिन्दुओं के स्पष्टीकरण हेतु प्रश्न पूछना |
5. किसी प्रकार के तत्सम्बन्धी निर्णय लेने से बचना ।

9. उत्तर- (a)
व्याख्या - संदेश में एक पूर्ण प्रक्रिया होती है, जो विभिन्न क्रियाओं को समावेशित करती है। इसमें संदेश, देश भेजने वाला, माध्यम, संदेश प्राप्त करने वाला और प्रतिपुष्टि मुख्य अवयव होते हैं। संदेश प्रक्रिया के पूर्ण होने के लिए आवश्यक है कि इसे भेजे जाने वाले माध्यम में किसी प्रकार का कोई व्यवधान या कोलाहल (Noise) न हो, अन्यथा संदेश का उद्देश्य निरर्थक हो जाता है। इस प्रकार स्पष्ट है कि एक सुस्पष्ट संकेत जो कोलाहल स्तर से ऊपर हो, संदेश होता है ।

10. उत्तर- (d)
व्याख्या प्रभावी श्रवण एक दोमुखी प्रक्रिया है, जिसके अंतर्गत सम्प्रेषित और प्राप्त किये गये शब्दों की प्रतिपुष्टि (feedback) अनिवार्य है। इसके अभाव में प्रभावी श्रवण की प्रक्रिया किसी भी दशा में पूर्ण नहीं कही जा सकती।

RACE IAS General Studies Rajesh Academy for Civil Examinations

11. उत्तर-(b)
व्याख्या सम्प्रेषण प्रक्रिया के अंतर्गत निम्नलिखित तत्व आते हैं
संदेश, माध्यम (कोलाहल), संदेश प्रापक, पुनर्निवेश (feef back)। इस प्रकार सम्प्रेषण प्रक्रिया का सही क्रम घटनावार निम्न होगा संदेश कोलाहल
• →
पुनर्निवेश ।

12. उत्तर-(c)
व्याख्या
-
अन्तर्हित व्यवबोधों से सम्प्रेषण नियम सम्बन्धित है।
यह व्यक्तियों के व्यवहार की व्याख्या को ध्यान में रखते हुए | सम्प्रेषण के सुस्पष्ट नियमों का अनुगमन सुनिश्चित करता है।

13. उत्तर- (d)
-
व्याख्या अन्तर्वैयक्तिक सम्प्रेषण एक वृहद प्रक्रिया है। इसमें विभिन्न प्रकार के तकनीकी एवं व्यावहारिक तत्व अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नीतिशास्त्र (Ethics) इस प्रक्रिया के अंतर्गत विचारों और मूल्यों को समझने में सहायक होते हैं और अन्तर्वैयक्तिक सम्प्रेषण के वास्तविक लक्ष्यों को पूर्ण करते हैं।

14. उत्तर- (a)
व्याख्या - सुमेलन इस प्रकार है -
सूची-I
सूची-II
गले के पीछे एक हाथ रखना
असहमति
आँखें सिकोड़ना
अस्वीकृति
अतिशयोक्ति
नाक सहलाना
चश्मा उतार कर नीचे रख देना
नहीं सुन रहे हैं।

15. उत्तर-(c)
व्याख्या सामाजिक तुलना सिद्धान्त के अनुसार, व्यक्तियों के अंदर स्वयं के मूल्यांकन हेतु स्वमूल्यांकन की प्रवृत्ति होती है। इसके द्वारा व्यक्ति अपनी राय और अपनी योग्यताओं का मूल्यांकन दूसरे लोगों से इन विशेषताओं की तुलना करने के आधार पर करते हैं और यह एक प्रकार से स्वमूल्यांकन को परिभाषित करता है । यह सिद्धान्त लियोन फेस टिन्गर द्वारा दिया गया है।

16. उत्तर-(b)
व्याख्या - इस क्षेत्र की परिस्थिति अभी भी तनावपूर्ण तथा नियंत्रण से बाहर है। इससे तात्पर्य है कि सम्भव रूप से कुछ गम्भीर घटनाएं होती हैं दूसरी ओर "व्यक्तियों से अनुरोध है कि वे अपने घरों में ही रहें" यह तथ्य इस बात का द्योतक है कि लोग दफ्तर नहीं जायेंगे। इसके विपरीत यह पूर्वानुमान लगाना उचित नहीं है कि जल्द ही स्थिति सामान्य हो जायेगी। हो सकता है कि स्थिति सामान्य होने में अधिक समय लगे। इस प्रकार पूर्वानुमान के अंतर्गत दिये गये तथ्य प्रथम और द्वितीय ही केवल सही हैं।

17. उत्तर- (a)
व्याख्या - निर्णयन प्रबन्धन का हृदय है किन्तु एक उपयुक्त निर्णयन प्रक्रिया हेतु सूचना समय और ऊर्जा के सीमित संसाधनों के क्रम में निर्णयन की प्रक्रिया अत्यन्त सरल एवं सुस्पष्ट होनी चाहिए अन्यथा इसके अभाव में प्रक्रियागत त्रुटियां होने की | संभावना रहती है। निर्णय लेने में किसी न्यादर्श का निर्णय समानता और यादृच्छिक लगने वाले रूप में किया जाना प्रतिनिधिक स्वतः शोध कहा जाता है। यह किसी घटना की सम्भाव्यताओं का मूल्यांकन तत्कालीन परिस्थितियों के अनुसार किये जाने पर केन्द्रित होता है।

18. उत्तर-(c)
व्याख्या पुतला का तर्क, एक कमजोर तर्क देने और उसे किसी और के नाम पर आरोपित करने ताकि आप उसका खंडन कर सकें, को स्पष्ट करता है। इसे स्ट्रामैन आर्ग्युमेंट के नाम से भी जाना जाता है जो कि कारणात्मक तर्कदोष का एक प्रकार है ।

19. उत्तर – (c)
व्याख्या - निर्णय लेने की प्रक्रिया के सामान्य रूप से निम्न चरण
होते हैं -
1. समस्या को परिभाषित करना ।
2. प्रतिबन्धक तत्वों की पहचान करना।
3. समाधान हेतु संभावित विकल्प का विकास करना।
4. एक नियंत्रित एवं मूल्यांकन तंत्र को स्थापित करना।
इस प्रकार उपर्युक्त विकल्पों में कोई भी विकल्प सही नहीं है।
नोट-उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा अपने संशोधित उत्तर

RACE IAS General Studies Rajesh Academy for Civil Examinations

पत्रक में इस प्रश्न का उत्तर विकल्प (c) माना गया था।

20. उत्तर-(b)
व्याख्या निर्णय लेने की एक संख्यात्मक तकनीक जो निर्णय पथों के सम्पूर्ण सम्भावित विकल्प दर्शाती है, उसे 'एक निर्णय क्रम' कहा जाता है। यह सम्भावित निर्णय की समग्र व्याख्या करता है। यह तकनीकी छोटे निर्णयों के विश्लेषण हेतु अत्यधिक उपयोगी है।

21. उत्तर-(c)
व्याख्या- मैनेजर अथवा प्रबन्धक को प्रभावी निर्णय लेने में उपयुक्त वातावरण प्रदान करने की निम्न विशेषताएँ होती हैं -
1. दूसरों को निर्णय लेने के लिए प्रोत्साहित करना ।
2. नई बातों को करने के लिए तैयार रहना ।
3. गुणात्मक सूचना के महत्व को पहचानना ।

इस प्रकार पूर्ण रूप से केवल अपने ऊपर ही निर्भर रहना मैनेजर या प्रबन्धक की प्रमुख कौशलपूर्ण योजना में शामिल नहीं है।

22. उत्तर- (d)
व्याख्या- मस्तिष्कीय झंझायन एक ऐसा उपयुक्त सामूहिक प्रयास होता है, जिसके अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के वैकल्पिक विचारों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प की तलाश कर समस्या का समाधान प्रस्तुत किया जाता है। इसके लिए सामूहिक रूप से प्रयास अपेक्षित होता है ।

23. उत्तर- (a)
व्याख्या
-
निर्णय खांचे का सम्बन्ध क्रियाओं परिणामों और
"
आनुषंगिकताओं की धारणा से है ।

24. उत्तर- (d)
व्याख्या निर्णयन एक अत्यन्त जटिल प्रक्रिया होती है, जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रकार की क्रियाएँ एक निश्चित अनुक्रम में व्यवस्थित होती हैं। यदि हम निर्णय निर्माण स्वतः शोध का उपयोग अन्य सम्बन्धित पक्षों पर ध्यान दिये बिना करते हैं तो निर्णय निर्माण में विभिन्न प्रकार की त्रुटियों उत्पन्न होने की सम्भावना रहती है। स्वतः शोध प्रणाली का उपयोग निर्णयन में कुशलता एवं सरलता लाने के उद्देश्य से किया जाता है।

25. उत्तर-(b)
व्याख्या - चूँकि P और S अविवाहित महिलाएं हैं और किसी खेल में हिस्सा नहीं लेती है जबकि Q न हॉकी खेलता है न शतरंज अर्थात् वह फुटबॉल खेलता है।
लिंग व्यक्ति फुटबॉल
अतः फुटबॉल Q खेलता है।

26. उत्तर-(b)
व्याख्या - जिस प्रकार,
3^3-27
$6^3 = 216$
अतः 2 = 6

27. उत्तर- (d)
जिस प्रकार,
व्याख्या
L विपरीत क्रम्
LAHABAD
DA BAHALLA
उसी प्रकार,
विपरीत क्रम
VARANASI
ISANARAV
अतः ? = ISANARAV

28. उत्तर- (a)
व्याख्या- जिस प्रकार,
MANGO
उसी प्रकार,
APPLE GRRNG
अतः ? = CRRNG

29. उत्तर-(c)
व्याख्या
-
कथन के अनुसार, वकील लोग गोरी लड़की से विवाह करते हैं इसका यह अर्थ नहीं है की सारी गोरी लड़कियाँ वकीलों से ही विवाह करे। गोरी लड़की वकील से विवाह कर भी सकती हैं और नहीं भी। शोभा एक गोरी लड़की है तो वह वकील से विवाह कर भी सकती है और नहीं भी। अतः विकल्प (c) उत्तर होगा।

RACE IAS General Studies Rajesh Academy for Civil Examinations

30. उत्तर- (d)
व्याख्या
लड़के
ईमानदार
सभी लड़के ईमानदार हैं और सुरिन्दर ईमानदार है लेकिन सुरिन्दर
लड़का है या नहीं इसकी एक सम्भावना है। अतः निष्कर्ष 1 तथा 2
| दोनों असत्य है।

31. उत्तर- (a)
व्याख्या-
अतः C, F का चचेरा भाई है।

32. उत्तर-(c)
व्याख्या फुटबॉल खेलने वालों में तीन A, C और E पुरुष हैं।

33. उत्तर- (d)
व्याख्या
प्रश्नगत सन्दर्भ के अनुसार परिवार की कुल महिलाओं की संख्या माता तीन विवाहित पुत्रों की पत्नियाँ एक अविवाहित पुत्री + दो पुत्रों की दो-दो पुत्रियाँ 1+3+1+4=9

34. उत्तर-(b)
व्याख्या
-
प्रश्नगत दिये गये कथनों "सभी ज्ञान अच्छा होता है। तथा सभी ज्ञान कठिन होता है" के आधार पर उपयुक्त निष्कर्ष- कुछ अच्छी चीजें कठिन होती हैं। अतः विकल्प (b) सही है ।

35. उत्तर- (c)
व्याख्या प्रश्न के अनुसार B की माँ A की माँ की एक मात्र पुत्री है कहने का आशय यह कि B की माँ का भाई A होगा । अतएव A का B से संबंध मामा का होगा।

36. उत्तर-(b)
व्याख्या- प्रश्नगत दिये गये विकल्पों में बाबर, हुमायूँ और अकबर एक ही राजवंश अर्थात् मुगल राजवंश से सम्बन्धित हैं । ये सभी शासक रक्त सम्बन्धों से जुड़े हुए हैं जबकि शेरशाह इनसे मित्र है, जो कि सूर वंश से सम्बन्धित है।

37. उत्तर-(a)
व्याख्या प्रश्नगत विकल्पों में सारनाथ का सम्बन्ध महात्मा बुद्ध से है जो कि एक धार्मिक स्थल है जबकि अन्य दिये गये विकल्प |हल्दी घाटी, पानीपत और कुरुक्षेत्र धार्मिक क्षेत्र न होकर युद्ध क्षेत्र के रूप में इतिहास में वर्णित हैं। इस प्रकार अभीष्ट उत्तर सारनाथ है।

38. उत्तर- (d)

39. उत्तर-(c)
व्याख्या
F के बगल के पड़ोसी B और C हैं। अतएव उत्तर (c) सही है ।

40. उत्तर- (a)
-
व्याख्या उल्लू, चील और बाज सर्वाहारी है जबकि तोता शाकाहारी है । अतः विकल्प (a) अन्य सभी से भिन्न है । '

41. उत्तर- (a)
व्याख्या चूँकि तथ्यों के अनुसार मानस एक खिलाड़ी है तथा सभी खिलाड़ी लम्बे हैं। अतः उपयुक्त निष्कर्ष मानस लम्बा है अर्थात् विकल्प (a) सही उत्तर होगा।

42. उत्तर- (a)
-
व्याख्या यह निश्चयतः सत्य है कि बाघ को जंगल में जानवरों को मारने हेतु अपने नुकीले पंजों की आवश्यकता होती है। यद्यपि वे शिकार हेतु अपने दाँतों की बराबर सहायता लेता है।

43. उत्तर-(c)
व्याख्या
अतएव रिक्त स्थान पर संख्या 51 होगी ।

44. उत्तर- (d)
व्याख्या - त्रिभुज में दो भुजाओं का योग तीसरी भुजा से बड़ा होता है ।

RACE IAS General Studies Rajesh Academy for Civil Examinations

विकल्प (d) के अनुसार
|A = 6^3 = 216
B = 7^3 = 343
'... A + B = 343 + 216 = 559
C = 9^3 =729
' A+B<C
अतः d विकल्प में दी गयी भुजाओं का मान सम्भव नहीं है।

45. उत्तर- (a)
व्याख्या
प्रारम्भिक स्थान कि डाकिया बिन्दु 0 से चलकर 7 किमी. उत्तर में बिन्दु A पर श्री सिंह के घर पहुंचा। यहाँ से बाईं तरफ मुड़कर बिन्दु B पर श्री कुमार के घर पहुँचा एवं प्रश्न के तहत दाईं ओर 3 किमी.
चलकर श्री शर्मा के घर पहुँचा।

46. उत्तर- (a)

47. उत्तर-(b)
व्याख्या दी गई श्रृंखला है -
|2x2 + 1 = 5
3x2+2= 8
4x2 + 3 = 11
l×2 + 4 = 6
?=11

48. उत्तर - (d)
व्याख्या - n = 11 है।
7 से भाग देने पर शेषफल = 4
प्रश्न के अनुसार नई संख्या 3n + 1
= 3×11+1
= 34
= . नई सं. को 7 से भाग देने पर
=
34/7 = 4 तथा शेषफल = 6

49. उत्तर-(c)
व्याख्या-
a = No.25
= 0.50
b = 0.25
c = $(0.25)^2$
= 0.0625
d = 0.050
..d<c<b<a

50. उत्तर- (a)
—
व्याख्या एक वृत्त Δ PCD की भुजा CD को वाह्य P बिन्दु पर स्पर्श करता है। PC को A तक और PD को B तक बढ़ाया गया
यदि AP a cm तक 4 ACD का परिमाप 2a होता है।
अतः
| PCD का परिमाप = 2 × 16 = 32 cms

51. उत्तर-(b)
व्याख्या परीक्षा में उत्तीर्ण हुए छात्रों का % = 35%
-
.. परीक्षा में फेल हुए छात्रों का प्रतिशत 100-35 = 65%
. प्रश्न के अनुसार 65% = 455
.. 1%=455/ 65
• 100% = 455x100 / 65= 700
अतः छात्रों की कुल सं. = 700

52. उत्तर- (d)
व्याख्या माना वस्तु का क्रय मूल्य = x रु.
. प्रश्न से x x
100+30/ 100 = 65
. x = 50 रुपए
10% लाभ पर वस्तु का विक्रय मूल्य होगा
100+10/ 100= 50 x
= 50 × 110/55=55 5.

53. उत्तर-(c)

54. उत्तर-(c)
व्याख्या
दी गई संख्याओं का बहुलक 7 है क्योंकि संख्या 7 सबसे अधिक बार प्रयुक्त है।

55. उत्तर-(b)

56. उत्तर-(b)

57. उत्तर-(b)
व्याख्या

RACE IAS General Studies Rajesh Academy for Civil Examinations

58. उत्तर-(c)
व्याख्या- दिये गये विकल्पों में 279 को छोड़कर शेष तीनों विकल्प जो कि 11 से विभाजित होते हैं । अतः विकल्प (c) अन्य
तीनों से भिन्न है।

59. उत्तर- (c)
व्याख्या
प्रस्तुत अवतरण के अनुसार, विज्ञान का सत्य
प्रयोगशाला में परीक्षण पर आधारित है।
अर्थात् जो सत्य प्रयोगशाला में परखा नहीं जा सकता वह विज्ञान की दृष्टि में
निरर्थक है।

60. उत्तर- (a)
-
व्याख्या विज्ञान की सीमा मनुष्य की विभिन्न समस्याओं के परिप्रेक्ष्य में है, जिन्हें वह खत्म नहीं कर सकता अर्थात् उनका समाधान विज्ञान के पास नहीं है। विज्ञान मनुष्य की आन्तरिक समस्याओं का निवारण नहीं कर सकता, भले ही वह शारीरिक समस्याओं को निवारित कर दे ।

61. उत्तर- (d)
व्याख्या प्रस्तुत गद्यांश के अनुसार, मनुष्य की सभी समस्याओं का समाधान विज्ञान भी नहीं दे सकता। अर्थात् विज्ञान शरीर को भले ही सुख प्रदान कर दे लेकिन वह आंतरिक समस्याओं को दूर नहीं कर सकता।

62. उत्तर – (b)
व्याख्या- प्रश्नगत अवतरण के अनुसार, प्राचीन और मध्यकालीन विश्व की जीवन की दृष्टि शारीरिक समस्याओं से अधिक आध्यात्मिक समस्याओं को लेकर गम्भीर थी। इसी के फलस्वरूप आध्यात्मिक विद्या का इन कालों में विकास सर्वाधिक हुआ।

63. उत्तर- (c)
व्याख्या- प्रस्तुत विकल्पों में आजन्म शब्द का तात्पर्य जन्म तक अथवा जन्मपर्यन्त है, जो कि अव्ययी भाव समास से सम्बन्धित है। इस समास के अनुसार, किसी शब्द में पूर्व पद प्रधान होता है और सामासिक पद या समास पद अव्यय होता है ।

64. उत्तर-(b)
व्याख्या- "सिर से पानी गुजर जाना" मुहावरे का अर्थ है।
सहनशीलता की सीमा टूट जाना ।

65. - उत्तर- (a)
व्याख्या
'ग्रस्त' शब्द का विपरीतार्थक शब्द 'मुक्त' है। इसी क्रम में लुप्त शब्द का विपरीतार्थक शब्द 'व्यक्त' तथा 'ग्राह्य' शब्द
का 'त्याज्य' और 'सुप्त' का विलोम शब्द 'जाग्रत' होगा।

66. उत्तर - (a)
व्याख्या
प्रश्नगत विकल्पों में केवल "तस्कर" शब्द तत्सम शब्द का रूप है, जबकि पत्ता, हाथ और अंधेरा शब्द तद्भव शब्द
रूप हैं। इनका क्रमशः तत्सम रूप है- पत्र, हस्त एवं अंधकार ।

67. उत्तर- (d)
व्याख्या-आलमारी शब्द विदेशी भाषा "पुर्तगाली" से लिया गया है।

68. उत्तर- (d)
व्याख्या - विदेह शब्द द्विज का अनेकार्थी रूप नहीं है । द्विज के अनेकार्थी शब्द ब्राह्मण, पक्षी, दांत, चंद्रमा तथा अण्डज हैं।

69. उत्तर- (d)
व्याख्या प्रश्नगत विकल्पों में शुद्ध वाक्य है- कृपया पत्रोत्तर शीघ्र दें।

70. उत्तर- (d)
व्याख्या
प्रश्नगत विकल्पों में विकल्प (d) अर्थात् शब्द 'अत्यधिक' की वर्तनी शुद्ध है, जबकि अन्य शब्द वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं। इनके शुद्ध रूप हैं, आधीन का अधीन, व्यवहारिक का व्यावहारिक एवं मिष्ठान्न का मिष्टान्न ।

71. उत्तर-(b)
व्याख्या - पुष्कर शब्द किरन का नहीं बल्कि तालाब का पर्यायवाची शब्द है किरण के पर्यायवाची शब्दों में मरीचि, रश्मि, दीप्ति, अंशु, कर तथा मयूख आदि शामिल हैं।

72. उत्तर-(c)
व्याख्या - प्रश्नगत वाक्य में प्रयुक्त क्रिया "प्रेरणार्थक" है। रणार्थक क्रिया से तात्पर्य कर्ता द्वारा स्वयं न कार्य करके किसी
दूसरे को तत्सम्बन्धी कार्य करने हेतु प्रेरित करना होता है। उपर्युक्त गये दिये गये वाक्य "राम लक्ष्मण से पत्र लिखवाता है" में राम स्वयं न पत्र लिखकर लक्ष्मण से इसे लिखवाता है। इस प्रकार दिया / वाक्य प्रेरणार्थक क्रिया का उदाहरण है।

73. उत्तर-(b)
व्याख्या
प्रश्नगत दिया गया शब्द "आयौ" ब्रज भाषा से उदगमित है। इस भाषा का प्रसार मथुरा, आगरा, हाथरस, एटा,
मैनपुरी, फिरोजाबाद, बदायूँ, बरेली आदि जनपदों के विभिन्न क्षेत्रों में है। ब्रजभाषा खड़ी बोली से विशिष्ट रूप से सम्बन्धित है।

RACE IAS General Studies Rajesh Academy for Civil Examinations

74. उत्तर-(b)
व्याख्या मूक शब्द का विलोमार्थी शब्द वाचाल है। इसी प्रकार अल्पभाषी का बहुभाषी एवं मृदुभाषी का विलोम कटुभाषी होगा।

75. उत्तर- (a)
व्याख्या- In the given passage children are being taught the "lessons of material gain".

76. उत्तर- (a)
The meaning of given idiom "Bag and baggage" is "with all belongings".

77. उत्तर-(b)
व्याख्या - According to the given passage the main focus of our education system is to make children a store house of information.

78. उत्तर- (d)
व्याख्या - In the given passage the young children are given the tasks of carrying heavy load of books and cramming the information given in them.

79. उत्तर-(c)
व्याख्या According to the given passage the basic element of education is ignored is creativity and personality developments.

80. उत्तर-(c)
व्याख्या The correct meaning of "look after" in the given options is-to take care."

81. उत्तर-(c)
व्याख्या-
The meaning of the idiom "blowing his own trumpet" is- boasting.

82. उत्तर- (d)
व्याख्या The appropriate word among the given alternatives is 'Epitaph." It denotes words written on a tomb or on a gravestone.

83. उत्तर-(b)
व्याख्या
The correct preposition for the given sentence would be "on".

84. उत्तर- (d)
व्याख्या
'Hang (present) hung (past) hung (past participle) means to attach something or to be attached at the top so that the lower part is free or loose. While 'Hang, Hanged, Hanged' means- to kill somebody, usually a punishment by trying a rope around their neck and allowing them to drop.
The correct version of the given sentence "The picture was hanged on the wall, is ....
The picture was hung on the wall.

85. उत्तर-(c)
व्याख्या - The synonym or the word nearest to the word "celestial" is "Heavenly." celestial bodies refer to Moon, Sun, Earth etc.

86. उत्तर-(c)
व्याख्या
-
The correct form of indirect speech of the given sentence is.....
"I appealed to God not to put me to the test.

87. उत्तर- (a)
व्याख्या - The correct One word for "that which cannot be seen throught" is ..... "opaque".

88. उत्तर-(c)
-
The word 'sacrosanct' is an adjective that is considerd to be too important to change or question-
This word has been used correctly in option (c).

89. उत्तर- (d)
व्याख्या
The correct synonym of the word Prodigal is 'Extravagant."

90. उत्तर-(b)

RACE IAS General Studies Rajesh Academy for Civil Examinations

व्याख्या

-

As a rule- when a reporting verb or principal verb is in the past tense the simple past in the direct become past perfect in the indirect. Past perfect and past perfect continuous tenses are not changed.

Past indefinite- Change into 'past perfect' Past perfect and past perfect continuous- no change of tense

91. उत्तर -- (a)

व्याख्या

The correct interrogative transformation of the given sentence is -

What is better than an active life?

92. उत्तर-(c)

The correct comparative form of the given sentence is-

A donkey is not a bigger fool than you.

93. उत्तर-(b)

व्याख्या

The correct opposite meaning of the given world is-"cowardice."

94. उत्तर- (a)

TT-"The moment once lost is lost forever" is a Simple sentence

95. उत्तर-(c)

व्याख्या

-

The nearest meaning of the given word "Animus" is "Hostile feeling", which refers to a strong feeling of dislike or hatered.

96. उत्तर-(c)

व्याख्या

-

Underlined word 'direct' is used as an adverb. without stopping or changing direction.

97. उत्तर- (d)

व्याख्या The correct spelt word among given words is "Temperature".

98. उत्तर - (a)

व्याख्या

-

Before a word beginning with a consonant sound article 'a' is used. Because the word 'one' begins with a consonant sound 'w' (), correct sentence- He is a one-eyed man.

99. उत्तर- (d)

व्याख्या The correctly spelt word among given words, is "Correspondence".

100. उत्तर- (d)

RACE IAS General Studies Rajesh Academy for Civil Examinations